छपते छपते
RNI Regd. No.18623/72 | REGISTERED: KOL RMS
गुरुवार, 12 सितम्बर 2024

नोपानी हाई में मना शिक्षक दिवस समारोह

बायें नोपानी हाई में शिक्षक दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं दायें प्रिंसिपन श्री दिव्येंदु सेन शर्मा द्वारा सम्मानित शिक्षिका।

■ छपते छपते समाचार सेवा

कोलकाता, 11 सितम्बर। गत 5 सितंबर को नोपानीकहाई विद्यालय के सभागार में शिक्षक दिवस समारोह बड़े हीहर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस शुभ अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बांग्ला बाल साहित्य की सुप्रसिद्ध लेखिका एवं साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित श्रीमती दीपान्वितारा‍य के आगमन से इस समारोह में चार-चाँद लग गया। प्रधानाचार्य महोदय एवं मुख्य अतिथि के द्वारा श्री सर्वपल्ली राधाकृष्णनके चित्र पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। अपने अनमोल विचार व्यक्त करते हुए उन्होंने छात्र-छात्राओं के ज्ञान में वृद्धि की। छात्र-छात्राओं द्वारा नृत्य एवं संगीत कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।